## विधायक गुरवीर बराड़ का अभिनंदन

**सूरतगढ़,**(कासं)। सादुलशहर के युवा विधायक गुरवीर बराड़ का भाजपा नगर मंडल की अगुवाई में सामाजिक, व्यापारिक और धार्मिक संगठनों की ओर से नागरिक अभिनंदन किया गया।

श्री हनुमानजी खेजड़ी मंदिर प्रांगण में आयोजित विशाल कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत कर बराड़ का गर्मजोशी से स्वागत किया। अपने जोरदार स्वागत से अभिभूत विधायक गुरवीर बराड़ ने आभार जताते हुए कहा कि सूरतगढ़ से उनके परिवार का काफी पुराना नाता रहा है और हमेशा सेवा भाव से कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि आज जो प्यार यहां मिला है, उससे पुरानी याद ताजा हो गई है। उन्होंने बढ़ती नशाखोरी पर चिंता जताते हुए कहा कि इसके लिए युवाओं को ही कमान संभालनी होगी। नशा परिवारों को लील रहा है। इसलिए हम सबको मिलकर हमारी युवा पीढ़ी को बचाने के लिए जागरूक होकर आगे आना होगा। बराड़ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार इस क्षेत्र में खूब विकास करवा रही है।

पूर्व विधायक अशोक नागपाल ने कहा कि पूर्व मंत्री स्व. गुरजंट सिंह बराड़ के सेवा भाव को उनके पौत्र गुरवीर बराड़ आगे बढ़ा रहे हैं। नगर अध्यक्ष गौरव बलाना ने स्वागत किया। जबकि कार्यक्रम संयोजक पूर्व पार्षद सुरेन्द्र राठौड़ ने आभार जताया। जिला प्रमुख कविता रेगर ने भी विचार व्यक्त किए। इससे पहले गुरवीर बराड़ ने खेजड़ी मंदिर में बालाजी, श्रीराम मंदिर और श्री भगवती प्राणेश्वर मंदिर में मत्था टेका। श्री बालाजी खेजड़ी मंदिर समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र राठी के नेतृत्व में दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

# प्रोफेशनल्स को समाज व संघ की सेवा करने की प्रेरणा दी

**बीकानेर,**(कासं)। तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम बीकानेर का शपथ ग्रहण समारोह उग्रविहारी तपोमूर्ति मुनिश्री कमल कुमार के सानिध्य में तेरापंथ भवन में आयोजित किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुनिश्री कमल कुमार ने प्रोफेशनल्स को समाज व संघ की सेवा करने तथा आत्म कल्याण करने की प्रेरणा दी। उन्होंने

- **रतन लाल छलाणी को टीपीएफ बीकानेर का अध्यक्ष घोषित किया**
- **नव मनोनीत अध्यक्ष रतन लाल छलाणी ने मंत्रिमंडल की घोषणा की**




**तेरापंथ भवन में आयोजित कार्यक्रम में तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम बीकानेर को मुनि कमल कुमार ने शपथ ग्रहण कराई।**

कहा कि टीपीएफ के सदस्य सक्रियता से कार्य करते हुए बीकानेर का नाम धर्मसंग व समाज में आगे बढ़ाएं। कार्यक्रम में स्वागत भाषण नव मनोनीत अध्यक्ष रतन लाल छलाणी ने किया। राष्ट्रीय सह मंत्री राकेश सुतरिया ने रतन लाल छलाणी को टीपीएफ बीकानेर का अध्यक्ष घोषित किया व उन्हें अपनी टीम की घोषणा करने का आग्रह किया। नव मनोनीत अध्यक्ष रतन लाल छलाणी ने मंत्रिमंडल की घोषणा की।

उन्होंने एडवाइजरी बोर्ड के लिए एडवोकेट बच्छराज कोठारी, एडवोकेट गणेशमल बोथरा, डॉ गुलाब बोथरा, डॉ. जतन लाल बाफना, डॉ. जेठमल मरोटी, एडवोकेट नारायण चौपड़ा, सीए सोहनलाल बैद, उपाध्यक्ष के लिए एमबीए प्राशु दफ्तरी, एडवोकेट विद्या चौरडिया, इंजीनियर कुशल बोथरा, सचिव के लिए इंजीनियर अजीत संचेती सहित संपूर्ण कार्यकारिणी की घोषणा की।

राष्ट्रीय सह सचिव राकेश सुतरिया ने अध्यक्ष एवं पूरी कार्यकारिणी को पद ओर गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि बीकानेर के लिए हर्ष की बात है कि नई टीम उग्रविहारी तपोमूर्ति मुनि कमल कुमार के सानिध्य में शपथ लेकर अपने आयामों को पूरा करेगी। सेंट्रल जोन के अध्यक्ष लक्ष्मी लाल गांधी ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बीकानेर टीपीएफ अब ओर अधिक सक्रियता से कार्य करेगी। आचार्य श्री महाप्रज्ञ ने टीपीएफ को रत्नों की माला की उपमा दी थी ओर कहा था कि इसमें समाज के ओर रत्न जुड़ते रहे।

साध्वी प्रमुखा शासनमाता ने भी टीपीएफ को धर्म संघ के लिए बहुआयामी बताया। उन्होंने कहा कि आचार्य श्री महाश्रमण ने विशेष रूप से बुद्धिजीवी वर्ग को धर्मसंघ के संस्कार और धर्मानुरागी बनाकर मानवता के उत्थान के कार्य करने का लक्ष्य दिया है। सेंट्रल जोन के सह सचिव मनोज चौपड़ा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि गंगाशहर में एक बड़ा शिक्षा का केन्द्र बनकर तैयार हो रहा है। अब ओर सक्रियता से सभी आयामों पर कार्य करना है। आभार ज्ञापन पूर्व महापौर एवं पूर्व अध्यक्ष नारायण चौपड़ा ने किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन देवेन्द्र डागा ने किया। अतिथियों का साहित्य पताका से सम्मान श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, आचार्य तुलसी शांति प्रतिष्ठान, तेरापंथ युवक परिषद, तेरापंथ महिला मंडल एवं अणुव्रत समिति के पदाधिकारियों के द्वारा किया गया।

## तप अभिनंदन समारोह

**बीकानेर,** (कासं)। मुनिश्री नमिकुमार के 40 दिवस की तपस्या के अवसर पर बोलते हुए उग्रविहारी तपोमूर्ति मुनि कमल कुमार ने कहा कि जैन धर्म महान है, इतना कहने से नहीं चलेगा, इसका बोध होना जरूरी है। जैन धर्म इसलिए महान है कि इसमें यह कहा गया है कि प्रत्येक आत्मा भगवान बन सकती है।

मुनि नमिकुमार ने जिस उत्साह से उमंग से साधुत्व स्वीकार किया उससे अधिक उत्साह से साधुत्व को निखार रहे हैं। तपस्या के माध्यम से अपने कर्म निर्जरा कर रहे हैं। तपस्या चलते-फिरते हो तो वह अच्छी तपस्या है। तपस्या में आडम्बर नहीं होना चाहिए। आगम में लिखा है अहंत हमारे देव और शुद्ध साधु हमारे गुरू है जो हमारे सर्वेसर्वा होते हैं जो वीतराग देव के धर्म का मार्ग बताते हैं। वीतरागी बनने मार्ग बता रहे हैं।

मुनि नमि कुमार ने 66 वर्ष की अवस्था में दीक्षा ली और केवल 9 साल में 40 तक की तपस्या की लड़ी कर ली है। केवल 17 बाकी रहा है लेकिन 27 तीन बार 28 दो बार 31 दो बार कर लिया है और भी तपस्या दो-दो तीन-तीन बार कर ली है। पैदल विहार कर रहे हैं। मुम्बई, सुरत, इन्दौर, बेंगलुरू, चेन्नई, असम, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब आदि क्षेत्रों का भ्रमण किया है। चलते फिरते सहजता से तपस्या कर रहे हैं। तपस्या अपनी शक्ति के अनुसार करें। देखा देखी हमें नहीं करनी चाहिए।

कार्यक्रम में नेहा जैन को 8, अभिषेक भंसाली 8, सुरेखा चौपड़ा 9, पारस बोथरा 8, अरविन्द बोथरा 9, सुन्दरदेवी नाहटा 12, तारादेवी बैद ने 49 की तपस्या का पचखान किया।

मुनि प्रबोध कुमार ने कहा कि संवर और निर्जरा के बिना मोक्ष प्राप्त नहीं होता। कर्मों को आत्मा से दूर करने के 12 प्रकार के तप बताया गया है।

## सार-समाचार

### साइकिल रैली व नेटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन




**फिट इंडिया मिशन के अंतर्गत साईक्लिस्ट दयालाराम सारण ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली का शुभारंभ किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के फिट इंडिया मिशन अंतर्गत 29 से 31 अगस्त तक आयोजित तीन दिवसीय खेल कार्यक्रमों के अंतिम दिन रविवार को साइकिल रैली और नेटबॉल का आयोजन किया। जिला खेल अधिकारी श्रवण कुमार भांभू ने बताया कि 'हर गली हर मैदान खेलेगा सारा हिंदुस्तान' की थीम पर ये आयोजित हुए इस खेल कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन एवं क्षेत्रीय खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र, डॉ करणी सिंह स्टेडियम बीकानेर के तत्वावधान में किया गया। साइकिल रैली में युवाओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। जिला खेल अधिकारी श्रवण कुमार भांभू ने बताया कि खेल आयोजन के अंतिम दिन आयोजित हुए खेल कार्यक्रमों के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय साईक्लिस्ट एवं महाराणा प्रताप अवार्डी दयालाराम सारण ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली का शुभारंभ किया। सारण ने युवाओं को मोबाइल से दूर रहने, नशा नहीं करने तथा सकारात्मक विचारों के साथ निरंतर परिश्रम करने की प्रेरणा दी। जिला खेल अधिकारी श्रवण कुमार भाम्भू ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के फिट इंडिया मिशन के तीन दिवसीय खेल कार्यक्रमों में खिलाड़ियों ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया। साईकिल रैली के द्वारा बच्चों को ज्यादा से ज्यादा खेलों में भाग लेने, आमजन को पर्यावरण के प्रति सजग रहने तथा एक पेड़ मां के नाम लगाने तथा संडे ऑन साइकिल का संदेश दिया गया। साइकिल रैली के दौरान प्रशिक्षक सुरेन्द्र कूकणा, हेमचंद खीचड़, महावीर कूकणा, सुरेंद्र बिश्नोई, श्रवण डूडी एवं बीकानेर साईक्लिंग क्लब के प्रशिक्षक जेठाराम गाट आदि उपस्थित थे।

### गीतों का गजरा कार्यक्रम




**गीतों का गजरा कार्यक्रम में कवियों ने कविता पाठ कर खूब दाद बटोरी।**

**श्रीडूंगरगढ़,** (कासं)। राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति द्वारा संस्कृति भवन में रविवार को 'गीतों का गजरा' सजाया गया। कवि अनिल कुमार 'रजन्यंश' ने 'मन के मन के टूटे सब तार मन के, ठन के ठन के छूटे सब यार ठन के.. सुनाकर खूब दाद बटोरी तो श्रृंगार रस का स्वरचित प्रतिनिधि गीत सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर किया। अनिल ने इंस्टाग्राम पर तंज कसते हुए जीवन में बढ़ते तकनीकी दखल पर चिंता भी जताई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. विमला महरिया ने मधुर स्वर में लोकगीत बावनिया सुनाकर हंसाया व लोक संस्कृति की झलक सजाई। विमला ने होली के रंग पर व्यंग्य सुनाया जिसमें बढ़ती तकनीक के कारण होली का रंग फीका पड़ जाने को केंद्रित किया। कवि प्रदीप महरिया ने भी आज की राजनीति पर कटाक्ष करते हुए नेता और भ्रष्टाचारी को राजस्थानी गीत में अच्छा लपेटा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छैलू चारण 'छैल' ने करणी आराधना से काव्यपाठ प्रारंभ किया और वात्सल्य रस पर भावभरा छंद सुनाया। छैल ने राजस्थानी भाषा को मान्यता नहीं मिलने का दोष राजनीति को देते हुए 'नेतावां को करें गणुगान निज मान भूल गया..' का ओलमा भी लिखने वालों को दिया। छैल ने श्रृंगार रस में भी सुनाया। संस्था द्वारा सभी कवियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष श्याम महर्षि ने युवाओं को जिम्मेदारी पूर्ण कार्य करने की प्रेरणा देते हुए, साहित्य की काव्य विधा को संवर्द्धित करने में योगदान देने की बात कही। सत्यदीप भोजक ने सभी का आभार व्यक्त किया। कवियत्री भगवती पारीक ने मंच संचालन किया। गीतों का गजरा कार्यक्रम में काव्य प्रेमी लोगों ने भाग लिया व काव्य रस का आनंद लिया। संस्था मंत्री रवि पुरोहित, डॉ मदन सैनी, सत्यनारायण योगी, रामचन्द्र राठी, नारायण सारस्वत, महेश जोशी, महावीर सारस्वत, तुलसीराम चोरडिया, विजय महर्षि, सरोज शर्मा, मनसा सोनी, पवन सारस्वत, विश्वनाथ तंवर, अब्दुल शकूर सिसोदिया, पूनमचंद गोदारा, प्रदीप कुमार दीप, बुधमल सैनी, संजय पारीक, शुभकरण पारीक, मुकेश कुमार, राज सर, अमित सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन

**बीकानेर,** (कासं)। सरदार पटेल आयुर्विज्ञान महाविद्यालय बीकानेर में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। महाविद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. रेखा आचार्य तथा नोडल अधिकारी (खेल) डॉ. बी. के. बिनावरा के मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण में यह आयोजन संपन्न हुआ। दूसरे दिन के कार्यक्रम में डॉ. रेखा आचार्य ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय खेल दिवस-2025 की शपथ दिलाई और स्वस्थ एवं तनावमुक्त जीवन के लिए दैनिक जीवन में नियमित खेलकूद और योगाभ्यास को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# व्यास की रेप्लिका को 'लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' में स्थान मिला

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर के वुडन रेप्लिका विशेषज्ञ कृष्णकांत व्यास को देश के 60 से अधिक धार्मिक और ऐतिहासिक इमारतों की थ्री डी रेप्लिका बनाए जाने पर 'लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड तथा एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' में स्थान मिला है।

रविवार को जिला उद्योग संघ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया ने व्यास को दोनों प्रमाण पत्र भेंट किए। इस दौरान पचीसिया ने कहा कि कृष्णकांत व्यास ने देश के प्रमुख स्थानों की रेप्लिका बनाकर बीकानेर का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि बीकानेर की उपलब्धियों में यह एक और एक नई कड़ी है। नेशनल करियर काउंसलर डॉ. चंद्रशेखर श्रीमाली ने प्रसन्नता जताई कि व्यास द्वारा अयोध्या के राम मंदिर की सर्वाधिक रेप्लिका बनाई गई। वहीं अब तक उनकी बनाई रेप्लिका बॉलीवुड के




**बीकानेर के कृष्णकांत को 'एशियन व लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' का प्रमाण पत्र जिला उद्योग संघ अध्यक्ष द्वारका प्रसाद ने सौंपा।**

महानायक अमिताभ बच्चन, राम मंदिर बनाने वाले अरूण योगीराज तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित अनेक विशिष्ट हस्तियों तक पहुंचाई गई है। डॉ. हरि शंकर आचार्य ने कहा कि कृष्णकांत ने अपनी कल्पना शक्ति से बड़ी-बड़ी इमारतों के थ्री डी मॉडल हुबहू बनाए हैं। उन्होंने सभी मॉडल एक स्थान पर संग्रहित कर उन्हें आमजन के अवलोकनार्थ रखने का सुझाव दिया।

## सड़क, वॉलीबॉल ग्राउंड का लोकार्पण

**अनूपगढ़,** (कासं)। विधायक शिमला नायक ने ग्राम पंचायत 4 एलएम के दो गांवों में विकास कार्यों का लोकार्पण किया। विधायक कोष से कुल 30 लाख रूपए की लागत से इन परियोजनाओं को पूरा किया गया है। गांव 3 एलएम में रामकुमार भादू के घर से एल.सी. डाबला के घर तक इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण किया गया है। गांव 6 एनडी में डामर रोड से मांगीलाल के घर तक सड़क बनाई गई है। दोनों सड़कों की कुल लम्बाई 502.92 मीटर है। इन सड़कों के निर्माण पर 20 लाख रूपए खर्च किए गए हैं। ग्राम पंचायत 4 एलएम में 10 लाख रूपए की लागत से एक वॉलीबॉल खेल ग्राउंड का भी निर्माण किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार इन सड़कों के बनने से उन्हें बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी। सड़कों की खराब स्थिति के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

# नापासर ब्लॉक के शेरेरा मंडल कार्यकारिणी घोषित

**बीकानेर,**(कासं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा व राष्ट्रीय सचिव व सह प्रभारी चिरंजीव राव के निर्देशानुसार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा विधानसभा क्षेत्र लूणकरनसर के नापासर ब्लॉक के शेरेरा मण्डल कार्यकारिणी की नियुक्ति सूची जारी की गई है।

कांग्रेस पार्टी संगठन को और अधिक गतिशील व मजबूत बनाने की प्रक्रिया के अन्तर्गत शेरेरा मण्डल में अध्यक्ष के अलावा एक संगठन महामंत्री, दस उपाध्यक्ष, दस महासचिव, एक कोषाध्यक्ष, दस सचिव, ग्यारह कार्यकारिणी सदस्य, एक प्रवक्ता और तीन सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। जिला संगठन महामंत्री मार्शल प्रहलाद सिंह ने बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग व विधानसभा प्रत्याशी डॉ राजेन्द्र मूण्ड की सहमति तथा विधानसभा प्रभारी मनीष मक्कासर व जिला प्रभारी व अनूपगढ़ विधायक शिमला नायक की अनुशंसा पर प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा की स्वीकृति से जारी की गई सूची में शेरेरा मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण ज्याणी, संगठन महामंत्री श्रीचन्द शर्मा उपाध्यक्ष रामनारायण सिद्ध, देदाराम मेघवाल, गोपीराम जाट, किसनाराम सारस्वत, भागीरथ जाट, मांगीलाल मेघवाल, लक्ष्मण सारस्वत, शंकरलाल कूंकणा, ओमप्रकाश मेघवाल, चैनाराम मुंड शामिल है। महासचिव जयनारायण जाट, कानाराम जाट, द्वारकाप्रसाद मेघवाल, मुखराम गोदारा, अमराराम मेघवाल, बृजमोहन सारस्वत, भीखाराम मेघवाल, शंकरलाल नाई, सोहन लााल सुथार, नानूराम मेघवाल, कोषाध्यक्ष केदार शर्मा, सचिव रामदेव कूंकणा, दौलत राम जाट, ओमप्रकाश जाट, मांगी खां, भंवरलाल सुथार, मोडाराम मेघवाल, अशोक नायक, गोपीराम मेघवाल, गणेशाराम मेघवाल, रेवन्तराम जाट शामिल है।

# अनूपगढ़ में हाईवे 911 पर दुर्घटना क्षेत्र चिन्हित

**अनूपगढ़,** (कासं)। अनूपगढ़ थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 911 पर तीन स्थानों को दुर्घटना संभावित क्षेत्र घोषित किया गया है। जिसमें 5 केएस से पतरोड़ा तक का मार्ग, बीएसएफ कैम्प से अम्बेडकर सर्कल तक का रास्ता और 87 जीबी का क्षेत्र शामिल है। इन क्षेत्रों में लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। हादसों के मुख्य कारणों में तेज गति से वाहन चलाना, यातायात नियमों की अनदेखी और सड़क के विपरीत वाहन चलाना शामिल है।

श्रीगंगानगर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनूपगढ़ पुलिस ने इन क्षेत्रों में सुरक्षा के कदम उठाए हैं। सड़कों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाये जा रहे हैं। यातायात नियम तोड़ने वालों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई

- **पुलिस ने शुरू किया सुरक्षा अभियान, रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए**

की जा रही है। पुलिस ने नगर पालिका, ग्राम पंचायत और राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग से समन्वय स्थापित किया है। एसएचओ ईश्वर जांगिड़ ने बताया कि हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग जीवन सुरक्षा की ढाल है। उन्होंने चेतावनी दी कि मोबाइल पर बातचीत, शराब पीकर वाहन चलाना और तेज रफ्तार दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। रात में हैड लाइट का सही उपयोग और गति पर नियंत्रण रखना आवश्यक है।

## बारिश से फसलों को फायदा

**अनूपगढ़,** (कासं)। रविवार दोपहर करीब 2 बजे मौसम का मिजाज बदल गया। आसमान में अचानक घने काले बादल छा गए। सुबह से छाई उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली। बादलों के साथ हल्की फुहारें भी पड़ी।

रविवार की छुट्टी के दिन बच्चे बारिश में खेलते नजर आये। इस मौसम में किसानों ने नरमा, कपास, ग्वार, बाजरा और मूंग की बुवाई की है। किसानों के अनुसार यह बारिश फसलों के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगी। इस समय फसलों को सिंचाई के लिए पानी की जरूरत थी।

श्री गणेश मंदिर से वेयरहाउस तक और एसडीएम कार्यालय से केन्द्रीय बस स्टैंड तक सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। बारिश के कारण इस क्षेत्र के दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# 'तृतीय श्रेणी सहित सभी संवर्गों की पदोन्नति शीघ्र होगी'

**बीकानेर,**(कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा के नेतृत्व में शासन सचिव (शिक्षा) कृष्ण कुणाल से शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर वार्ता की।

संगठन के महामंत्री महेन्द्र लखारा ने बताया कि शिक्षकों की प्रमुख मांगों को लेकर संगठन हमेशा शासन और सरकार के साथ संवाद कर समाधान के प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में आज पुन: शासन सचिव से वार्ता हुई जो सकारात्मक और शीघ्र परिणाम देने वाली होगी।

प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आचार्य ने बताया कि वार्ता में विभिन्न संवर्गों की पदोन्नतियों को लेकर वार्ता हुई

- **राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रतिनिधि मंडल ने शासन सचिव (शिक्षा) कृष्ण कुणाल से शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर वार्ता की**

जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी, प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्य व्याख्याता, द्वितीय वेतन श्रृंखला शिक्षकों की पदोन्नति सितम्बर माह में पूर्ण करने तथा तृतीय श्रेणी शिक्षकों की पदोन्नति उच्चतम न्यायालय में सितम्बर माह की सुनवाई के बाद शीघ्र करने के साथ सभी संवर्गों की रिव्यू डीपीसी करके नियमित डीपीसी करने, सभी संवर्गों के स्थानांतरण करने के बाद स्पष्ट व पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू करने पर संगठन ने सहमति दी। प्रदेश महामंत्री महेन्द्र लखारा ने बताया कि बीएलओ ,पौषाहार, बार-बार डाक मांगने जैसे गैर शैक्षणिक कार्यों को धीरे-धीरे कम करने, प्रदेश में झालावाड़ सहित अन्य स्थानों जर्जर विद्यालय भवन गिरने से हुई घटना के बाद भवन निर्माण के संबंध में संगठन ने कुछ वर्षों में उत्तरप्रदेश की तर्ज पर दो वर्ष में से एक वर्ष की केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा पंचायतों को दी जाने वाली सम्पूर्ण राशि विद्यालय भवन निर्माण में खर्च करने का सुझाव दिया।

# शहर की समस्याओं के समाधान के लिये कांग्रेस करेगी आन्दोलन

**बीकानेर,** (कासं)। शहर की आठ समस्याओं का समाधान नहीं होने को लेकर कांग्रेस के ओबीसी प्रकोष्ठ की ओर से क्रमबद्ध तरीके से आंदोलन चलाने की घोषणा की गई है।

एक निजी होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में पीसीसी सदस्य मकसूद अहमद ने कहा कि शहर की बिगड़ी बिजली व्यवस्था, क्षतिग्रस्त सड़कें, आवारा पशुओं, अनियंत्रित ट्रैफिक व्यवस्था, सीवर लाइन का समय पर काम नहीं होने जैसी समस्याओं के चलते आमजन को परेशान होना पड़ रहा है। जबकि शहर के दोनों विधायकों को इससे कोई सरोकार नहीं है। मानो वे गहरी नींद में सोए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन को भी बार- बार कहने पर कोई सुनने वाला नहीं है।

ऐसे में सोए प्रशासन और भाजपा विधायकों को जगाने के लिए 4 तारीख से आंदोलन का आगाज किया जायेगा।



**बीकानेर शहर की समस्याओं के समाधान के लिये आंदोलन को लेकर पूर्व महापौर हाजी मकसूद अहमद ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया।**

जिसके तहत पहले दिन संभागीय आयुक्त को ज्ञापन दिया जायेगा। उसके बाद कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रत्येक वार्ड में जाकर समस्याओं का संकलन करेंगे। फिर संबंधित विभागों के अधिकारियों से मिलकर उनके निस्तारण का प्रयास होगा। उसके उपरान्त भी प्रशासन नहीं चेता तो कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर जनता की समस्याओं के

- **सोए प्रशासन और भाजपा विधायकों को जगाने के लिए 4 तारीख से आंदोलन का आगाज किया जायेगा**

निस्तारण के लिये आर-पार की लड़ाई लड़ेगी। पत्रकार वार्ता में ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मनोज चौधरी, जयदीप जावा भी मौजूद थे।

कांग्रेसी पदाधिकारियों के आरोप थे कि स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारजनों के लिये भी पूर्व न्यास अध्यक्ष मकसूद अहमद के कार्यकाल में प्लांट आवंटन की प्रक्रिया पूरी कर दी गई थी। लेकिन उनके प्लांट आज तक आवंटित नहीं किये गये हैं।

# पी.एम. मोदी ने प्राकृतिक आपदाओं पर दुख जताया

**बीकानेर,** (कासं)। भारतीय जनता पार्टी देहात जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया, शहर जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ की अगुवाई में जिला भाजपा मुख्यालय में जिला पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यकम के 125 वें एपिसोड को सुना। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने प्राकृतिक आपदाओं पर दुख जताया।

वहीं जम्मू-कश्मीर का जिक्र करते हुए कहा कि अब मेरा देश बदल रहा है। देहात जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' में प्रतिभा सेतु का जिक्र किया। इससे मामूली अंतर से पिछड़े युवाओं को नई उम्मीद मिलेगी। यह पहल अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के योग्य उम्मीदवारों को मार्गदर्शन और समर्थन प्रदान करेगी। इसके साथ प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें स्वदेशी उत्पादों का इस्तेमाल करना चाहिए और गर्व से



**बीकानेर भाजपा संभाग कार्यालय में पीएम मोदी 'मन की बात' को भाजपा नेताओं ने सामूहिक रूप से सुना।**

कहना चाहिए कि ये स्वदेशी है। उन्होंने कहा कि एक मंत्र-वोकल फॉर लोकल, एक रास्ता-आत्मनिर्भर भारत और एक लक्ष्य-विकसित भारत है।

शहर जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री और जनता के बीच संवाद का सीधा सेतु बनाया है। इसके माध्यम से मोदी स्वच्छ भारत अभियान, पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल साक्षरता, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक नवाचार, लोकल फॉर वोकल जैसे मुद्दों पर जनता से सीधा संवाद करते रहे हैं।